# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–15 अप्रैल 2024 सान्ध्य समाचार

लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक चुनावी घोषणाओं और जनसभाओं के जरिये मतदाताओं से अपने पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील कर रहे हैं । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी पार्टी रिकॉर्ड मतों से जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी संसदीय सीट से पिछली बार से भी अधिक मत पाएंगे।

वहीं, भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में आगामी पांच वर्ष के लिए सभी बातों को ध्यान में रखा गया है। मोदी की गारंटी पर अस्सी करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन मिलेगा, अदालती कार्रवाई में तेजी लाई जाएगी और सिविल कार्रवाई भी तेज होंगे। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि और सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के निःशुल्क इलाज की भी बात की गयी है।

समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुजफ्फरनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी और आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बनने पर अग्नि वीर व्यवस्था समाप्त कर दी जाएगी। उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना की और कहा कि केंद्र सरकार ने एक झटके में सेना की भर्ती को चार साल तक के लिए समेट दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चल रही हवा पहले चरण में ही भाजपा का सफाया कर देगी।

बसपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आज मुरादाबाद और पीलीभीत लोकसभा सीटों के लिए चुनाव प्रचार किया । मुरादाबाद में उन्होंने कहा कि हम घोषणा पत्र जारी नहीं करते हैं, हम काम करके दिखाते हैं। अगर हमारी सरकार आई तो देश में ऐतिहासिक कार्य करके दिखाएंगे। पीलीभीत के बीसलपुर में जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने दलितों, गरीबों, किसानों और महिलाओं के हित में बसपा के लिए मतदान करने की अपील की।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विविध प्रकार की गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। भदोही जिले में वहां के जिलाधिकारी विशाल सिंह ने बाइक चला कर मतदाता जागरूकता रैली का नेतृत्व किया । वहां आयोजित मतदाता जागरूकता बाइक रैली और सभा में विभिन्न विभागों के करीब एक हजार अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षकों ने हिस्सा लिया । गोरखपुर जिले में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और एसडीएम सदर मृणाल अविनाश जोशी ने मतदाता जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया । यह वैन गांव गांव जाकर मतदाताओं को जागरूक करेगी । सोनभद्र में जिले के रोप प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने रैली और चित्रकला प्रतियोगिता के जरिए मतदाताओं को जागरूक किया । वाराणसी जिले में स्वीप के अन्तर्गत स्कूली बच्चों के अभिभावकों को मतदान करने के लिए संकल्प पत्र भेज कर भरवाया जा रहा है। महराजगंज जिले में जिलाधिकारी अनुनय झा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयनित लोगों के साथ कलक्ट्रेट सभागार में संवाद किया । उन्होंने सभी चयनित लोगों से  स्वीप कार्यक्रम से जुड़ कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

**********

रामनवमी के दिन सत्रह अप्रैल को दोपहर बारह बजकर सोलह मिनट पर सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर पांच मिनट के लिए पड़ेंगी और उनका तिलक करेंगी । इसके लिए वैज्ञानिक लगातार अभ्यास कर रहे हैं। यह जानकारी श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दी । वह श्री राम जन्मोत्सव की व्यवस्था की निगरानी करने अयोध्या पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि राममंदिर निर्माण से जुड़े सम्पूर्ण कार्य दिसम्बर दो हजार चौबीस तक पूरे हो जाएंगे।

**********

रामनवमी मेले पर अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिवहन निगम द्वारा सोमवार से शटल बस सेवा शुरू होगी । निगम, चारबाग, कैसरबाग और अवध बस स्टेशन से हर घंटे बस चलाएगा । निगम के अनुसार बीस अप्रैल तक अयोध्या के लिए करीब पचास बसें चलाई जाएंगी । लखनऊ से अयोध्या जाने वाली बसें बाईपास स्थित अयोध्या धाम बस स्टेशन पहुंचाएंगी । लखनऊ से अयोध्या जाने वाली बसों के मार्ग में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है । चारबाग से बीस से अधिक बसें, जबकि आलमबाग और कैसरबाग से पंद्रह पंद्रह बसें चलाई जाएंगी।

**********

चैत्र नवरात्रि के सातवें दिन विंध्यांचल के प्रसिद्ध शक्ति पीठ समेत प्रदेश के विभिन्न देवी मंदिरों में आज सुबह से ही श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं। विंध्यांचल धाम में नवरात्रि मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी हुई है। वहां आज रात्रि में महानिशा की पूजा होगी जिसमें साधु संतों के अलावा तांत्रिक भी हिस्सा लेते हैं । भारी भीड़ को देखते हुए धाम में सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं।

**********

लोक संस्कृति के संवर्द्धन के लिए कुशीनगर जिले के जोगिया जनूबी पट्टी गांव में कल देर शाम शुरू हुए लोकरंग महोत्सव के दूसरे दिन एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। लोकसंस्कृति में समावेशी तत्व विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में कई वरिष्ठ शिक्षाविदों और विचारकों ने हिस्सा लिया।

**********